उत्तर प्रदेश शासन
समाज कल्याण अनुभाग-3
संख्या-14/2024/240/26-3-2024/CN-1770858
लखनऊ : दिनांक : 19 जनवरी, 2024

आदेश/शुद्धि-पत्र

चालू वित्तीय वर्ष में अति पिछड़े अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित एकीकृत विकास योजनान्तर्गत जनपद-सिद्धार्थनगर के विकास खण्ड-शोहरतगढ़, बढ़नी एवं नौगढ़ के क्रमशः 8, 2 एवं 2 अर्थात् कुल 12 ग्रामों में विकास हेतु शासन के पत्र संख्या-01/2024/33/26-3-2024/CN-1770858 दिनांक 02.01.2024 द्वारा अन्तिम अवशेष धनराशि रू0-366.64 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की गयी है।

2- उक्त शासनादेश के प्रस्तर-3 में उल्लिखित शर्तों के बिन्दु सं0-1 के स्थान पर निम्नलिखित शर्त पढ़ी जाये, शेष शर्तें यथावत रहेंगी :-

"प्रश्नगत कार्यो हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण जिलाधिकारी अथवा उनके द्वारा नामित आहरण वितरण अधिकारी को किया जायेगा। उक्त स्वीकृत धनराशि निर्माण इकाई **(ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग)** के साथ एम0ओ0यू0 (अनुबन्ध) कराने के उपरान्त ही निर्माण इकाई को वास्तविक आवश्यकतानुसार उपलब्ध करायी जायेगी, जिसका अधिष्ठान व्यय वित्त विभाग के सुसंगत शासनादेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित दर के अनुसार ही लिया जायेगा। कार्यदायी संस्था को धनराशि प्राप्त होने के तुरन्त बाद शीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। प्रायोजना के निर्माण में बिना समुचित कारण के यदि अनावश्यक रूप से विलम्ब होने से लागत में वृद्धि होती है तो इसके लिये निर्माण एजेन्सी उत्तरदायी होगी।"

3- शासनादेश संख्या-01/2024/33/26-3-2024/CN-1770858 दिनांक 02.01.2024 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाएगा।

Digitally Signed by राज कुमार झा
Date: 19-01-2024 14:12:20
Reason: Approved
(राज कुमार झा)
अनु सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ को उनके पत्र संख्या-2485/स0क0/ विकास/ एकीकृत सिद्धार्थनगर/25/2023-24 दिनांक 12.01.2024 के किये गये अनुरोध के क्रम में।
2- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी/लेखापरीक्षा) प्रथम एवं द्वितीय उ0प्र0, प्रयागराज।
3- जिलाधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी, सिद्धार्थनगर, उ0प्र0।
4- निदेशक, स्थानीय निधि लेखापरीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
6- अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, सिद्धार्थनगर।
7- निदेशक, एन0आई0सी0।
8- वित्त नियंत्रक, निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
9- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1
10- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राज कुमार झा)
अनु सचिव।